सर्व शिक्षा अभियान

सब पढ़ें सब बढ़ें

जिला परियोजना कार्यालय

(बेसिक शिक्षा कार्यालय) बस्ती–272001

# विज्ञप्ति

पत्रांकः स0शि0 / के0जी0बी0वी0 / चयन विज्ञप्ति / 6514-23 / 2023–24 दिनांकः 15 मार्च, 2024

अपर मुख्य सचिव, बेसिक शिक्षा उ0प्र0 शासन के शासनादेश संख्याः 1553 / 68–5–2020 शिक्षा अनुभाग–5 लखनऊ दिनांक 11.12.2020 तथा शासनादेश संख्याः 2805 / 68–5–2023–02 / 2020 दिनांक 01.02.2023 में दिये गये निर्देशानुक्रम में जनपद बस्ती में संचालित करतूरबा गांधी आवासीय वालिका विद्यालयों में शैक्षिक सत्र 2023–24 के लिए शिक्षक / शिक्षणेत्तर कर्मियों का संविदा आधारित रिक्त पदों को भरे जाने हेतु दिनांक 16.03.2024 से 01.04.2024 को सांय 5:00 बजे तक भारतीय नागरिकों से आवेदन पत्र कार्यालय जिला वेसिक शिक्षा अधिकारी, नार्मल स्कूल बिल्डिंग गांधीनगर, बस्ती–272001 के पते पर रजिस्टर्ड / स्पीड पोस्ट द्वारा आमंत्रित किये जाते हैं। निर्धारित तिथि एवं समय उपरान्त प्राप्त आवेदन पत्र स्वीकार नहीं किये जायेंगे। एक से अधिक पदों के लिए पृथक–पृथक आवेदन पत्र प्रेषित किया जाना अनिवार्य होगा। रिक्त पदों की संख्या राज्य परियोजना निदेशक, समग्र शिक्षा उ0प्र0 लखनऊ के आदेशानुसार घटायी–बढ़ायी जा सकती हैं। समस्त शैक्षिक एवं गैर शैक्षणिक रिक्त पदो पर केवल महिला अभ्यर्थी का ही चयन किया जायेगा।

| क्र० सं० | पद का नाम | शैक्षिक योग्यता | श्रेणीवार रिक्त पद | | | | कुल पद | अधिकतम आयु सीमा | मानदेय प्रति माह |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | अनारक्षित | ई0डब्ल्यू0एस0 | ओ0बी0सी0 | अनु०जा० / जन०जा० | | | |
| 1. | फु०टा०टी० गणित (पी०सी०एम०) | गणित (पी0सी0एम0 वर्ग से स्नातक, एन0सी0टी0ई0 से मान्य बी0एड0 / समकक्ष एल0टी0 आदि से प्रशिक्षण योग्यताएवं उच्च प्राथमिक स्तर की टी0ई0टी0) | 0 | 0 | 0 | 1 | 01 | 25–45 वर्ष | 22000.00 |
| 2. | फु०टा०टी० विज्ञान (जे०बी०सी0) | विज्ञान (जेड0बी0सी0 वर्ग से प्रशिक्षित स्नातक, एन0सी0टी0ई0 से मान्य बी0एड0 / समकक्ष एल0टी0 आदि से प्रशिक्षण योग्यता एवं उच्च प्राथमिक स्तर की टी0ई0टी0) | 1 | 1 | 0 | 1 | 03 | 25–45 वर्ष | 22000.00 |
| 3. | पा०टा०टी० शा0शि0 | स्काउट गाइड एवं शारीरिक शिक्षा में बी0पी0एड0, सी0पी0एड0 एवं डी0पी0एड0 आदि उपाधि। | 0 | 1 | 0 | 0 | 01 | 25–45 वर्ष | 9800.00 |
| 4. | लेखाकार | वणिज्य में स्नातक तथा एम0एस0 आफिस का ज्ञान। डी0ओ0ई0सी0सी0 या समकक्ष संस्था से कम्प्यूटर शिक्षा में 'ओ' लेवल डिप्लोमा अथवा समकक्ष अन्य योग्यताधारी अभ्यर्थिनी को चयन में वरीयता | 1 | 1 | 0 | 0 | 02 | 25–45 वर्ष | 11000.00 |
| 5. | मुख्य रसोइयां | कक्षा 8 पास तथा शारीरिक अक्षमता एवं संक्रामक रोग से ग्रस्त नही होना चाहिऐ | 1 | 0 | 0 | 0 | 01 | 25–45 वर्ष | 6900.00 |
| 6. | सहायक रसोइयां | कक्षा 8 पास तथा शारीरिक अक्षमता एवं संक्रामक रोग से ग्रस्त नही होना चाहिऐ | 0 | 2 | 0 | 0 | 02 | 25–45 वर्ष | 5175.00 |
| | | योग | 03 | 05 | 0 | 02 | 10 | | |

नियम एवं शर्तेः–

1. रिक्तियों हेतु प्रकाशित विज्ञप्ति एवं आवेदन पत्र को जनपद बस्ती के वेबसाइट http://basti.nic.in पर क्लिक करके डाउनलोड किया जा सकता हैं। उक्त के सम्बन्ध में किसी भी कार्यदिवस में कार्यालय जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी बस्ती में आवश्यक जानकारी प्राप्त किया जा सकता हैं।
2. समस्त फुल टाईम टीचर तथा मुख्य / सहायक रसोइयां को विद्यालय परिसर में निवास करना अनिवार्य होगा।
3. उक्त समस्त रिक्त पदों पर केवल महिला अभ्यर्थियों का ही चयन किया जायेगा।
4. प्रशिक्षण योग्यता बी०एड० / एल०टी० एवं समकक्ष योग्यता राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद (एन०सी०टी०ई०) से मान्यता प्राप्त संस्थान से उत्तीर्ण होना चाहिए।
5. कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालयों के ऐसे शिक्षिकाऐं जो शैक्षिक वर्ष 2020–21 में नवीन संविदा से वंचित हो रहे है, उन शिक्षकों द्वारा के0जी0बी0वि0 में रिक्तियों के सापेक्ष होने वाले नवीन चयन में जनपद में आवेदन करने पर, उन्हें चयन हेतु शैक्षिक अर्हता में शा0सं0 के0जी0बी0वि0 / 3–2 / 1916 / 2013–14 दिनांक 29.07.2013 के पूर्व कार्यरत् शिक्षिकाओं के लिये टी0ई0टी0 का अर्हता अनिवार्य नही होगी।
6. के0जी0बी0वि0 में शिक्षक के रूप में (पूर्व में कार्यरत् जिनका नवीनीकरण सत्र 2020–21 में न हुआ हो) अनुभव धारित करने वाले शिक्षिकाओं को प्रत्येक पूर्ण अध्यापन वर्ष के लिये 02 अंक प्रतिवर्ष की दर से, अधिकतम 30 अंक तक भारांक देय होगा। इस हेतु सम्बन्धित जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी के स्तर से स्पष्ट रूप से जारी प्रमाण पत्र संलग्न करना अनिवार्य हैं।
7. आवेदन पत्र ए–4 साइज पेपर में होना चाहिए।
8. समस्त अंक पत्र, डिग्री व प्रमाण पत्र की स्वप्रमाणित एवं राजपत्रित अधिकारी द्वारा प्रमाणित छायाप्रति अनिवार्यतः संलग्न करें।
9. पा0टा0टी0 / फु0टा0टी0 पद के अभ्यर्थियों को स्नातक परीक्षा के तीनो वर्षो के अंकपत्र तथा डिग्री संलग्न करना अनिवार्य हैं।

DCGE

सर्व शिक्षा अभियान
सब पढ़ें सब बढ़ें
जिला परियोजना कार्यालय
(बेसिक शिक्षा कार्यालय) बस्ती–272001

10. किसी भी सेवा से बर्खास्त/नैतिक/चारित्रिक अधमता के अपराध के लिये दोषसिद्ध एवं दिवालिया महिला चयन के लिये अर्ह नही हैं।
11. स्वयं का पता लिखा दो लिफाफा जिस पर 40–40 रूपये का डाक टिकट हो, संलग्न करें।
12. लिफाफे के ऊपर आवेदित पद का क्रम संख्या एवं नाम का उल्लेख करना अनिवार्य हैं।
13. काउन्सिलिंग तथा साक्षात्कार हेतु कोई भी यात्रा भत्ता देय नही होगा।
14. समस्त शैक्षिक पदों तथा लेखाकार के पद पर चयन मेरिट के आधार पर किया जायेगा। मुख्य रसोइया व सहायक रसोइयां के पदो पर चयन जनपदीय समिति द्वारा साक्षात्कार के माध्यम् से किया जायेगा।
15. जनपदीय चयन समिति का निर्णय अंतिम व सर्व मान्य होगा।
16. चयनोपरान्त नियुक्ति किसी भी कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय में किया जा सकता हैं।
17. अपूर्ण/हस्ताक्षर रहित/संलग्नक रहित/साधारण डाक से प्राप्त अथवा निर्धारित प्रारूप से भिन्न आवेदन पत्र निरस्त कर दिये जायेंगे।
18. उपरोक्त समस्त पद एक वर्ष के लिए संविदा आधारित होंगे तथा कार्य संतोषजनक होने की दशा में जनपद स्तरीय कमेटी के एप्रूवल के उपरान्त प्रति वर्ष कार्यकाल में वृद्धि की जायेगी।
19. चयन वर्ष की 01 अप्रैल, 2024 को समस्त पदो हेतु निर्धारित् आयु 25 वर्ष होगी। सभी पदों हेतु अधिकतम आयु चयन वर्ष 01 अप्रैल, 2024 को 45 वर्ष से अधिक नही होगी।
20. समस्त चयनित शिक्षक/शिक्षणेत्तर कर्मियों के समस्त शैक्षिक प्रमाण पत्रों के सत्यापन के उपरान्त ही मानदेय का भुगतान किया जायेगा।
21. आर्थिक रूप से कमजोर आय वर्ग के अभ्यर्थियों, अन्य पिछड़ा वर्ग तथा अनु0जाति/अनु0ज0जाति के अभ्यर्थियों को सम्बन्धित वर्ग का सक्षम स्तर के अधिकारी द्वारा जारी प्रमाण पत्र संलग्न करना अनिवार्य हैं। अन्यथा की स्थिति में अभ्यर्थन निरस्त कर दिया जायेगा।
22. उक्त विज्ञप्ति माननीय उच्च न्यायालय में योजित याचिकाओं के अन्तिम निर्णय के अधीन होंगी।
23. विज्ञप्ति को किसी भी समय निरस्त करने का अधिकार जनपदीय चयन समिति के पास रक्षित रहेगा, जिस हेतु कोई भी वाद मान्य नही होगा। विज्ञप्ति लिपिकीय त्रुटि के अधीन होगा।

## कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय मे रिक्त शैक्षिक/शिक्षणेत्तर पदो हेतु आवेदन पत्र

1. आवेदित पद .............................. विषय ..............................
2. अभ्यर्थी का पूरा नाम ..............................
(अंग्रेजी के बड़े अक्षरों में) ..............................
(हिन्दी में) ..............................
3. जन्म तिथि (हाईस्कूल के प्रमाण पत्र के अनुसार)..............................
4. आयु .................. वर्ष .................. माह .................. दिन
5. पिता का नाम ..............................
6. जाति (सामान्य/अ0पि0वर्ग/अनु0जाति/अनु0जनजाति/ई0डब्ल्यू0एस0)..............................
7. पत्राचार का पता ..............................
पिन कोड ..............................
8. स्थाई पता ..............................
पिन कोड ..............................दिव्यांगता यदि हो तो(प्रमाण पत्र संलग्न करे)..............................
ई–मेल यदि हो तो.............................. मो०नं० ..............................
9. विवाहित/अविवाहित ..............................
10. शैक्षिक योग्यताः

| क्र० सं० | परीक्षा | बोर्ड/विश्वविद्यालय | अनुक्रमांक | वर्ष | विषय | पूर्णांक | प्राप्तांक | प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | | |
| 1 | हाईस्कूल | | | | | | | |
| 2 | इण्टरमीडिएट | | | | | | | |
| 3 | स्नातक | | | | | | | |
| 4 | प्रशिक्षित स्नातक | | | | | | | |
| 5 | उच्च प्राथमिक स्तर की टी०ई०टी० | | | | | | | |
| 6 | अन्य | | | | | | | |

11. के0जी0वी0वी0 में शिक्षक के रूप में कार्यानुभव यदि हो (प्रमाण पत्र संलग्न करें) पूर्ण शैक्षिक वर्ष में..............................
12. सलंग्नको की संख्या (शब्दों व अंको में)..............................

## घोषणा

मैं शपथ पूर्वक घोषणा करती हूँ कि उपरोक्त विवरण मेरी जानकारी में सत्य हैं। चयन के पूर्व अथवा बाद में जाँचोपरान्त कोई भी विवरण असत्य अथवा गलत पाये जाने पर संस्थान/प्राधिकारी को मेरा अभ्यर्थन निरस्त करने तथा मेरे विरूद्ध वैधानिक

सर्व शिक्षा अभियान

सब पढ़ें सब बढ़ें

जिला परियोजना कार्यालय

(बेसिक शिक्षा कार्यालय) बस्ती–272001

कार्यवाही करने का अधिकार होगा। आवेदन पत्र में अंकित सूचनाओं से सम्बन्धित मूल प्रमाण पत्र/अंक पत्र/जाति प्रमाण पत्र आवेदन करने की तिथि के पूर्व से मेरे पास उपलब्ध है। आवेदन पत्र प्रेषित करने के दिनांक के बाद कोई भी अंक पत्र/प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने/विज्ञप्ति के शर्तों को पूरा न करने की स्थिति में मेरा अभ्यर्थन स्वतः निरस्त समझा जाये।

दिनांक ..............................................

स्थान ..............................................

अभ्यर्थिनी के हस्ताक्षर
(पूरा नाम व पता सहित)

पत्रांकः स0शि0/के0जी0बी0वी0/ 6514-23 /2023–24 दिनांक–

प्रतिलिपि–निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्क कार्यवाही हेतु सादर प्रेषित।

1. राज्य परियोजना निदेशक, समग्र शिक्षा उ0प्र0 लखनऊ।
2. जिलाधिकारी बस्ती।
3. मुख्य विकास अधिकारी, बस्ती।
4. मुख्य राजस्व अधिकारी, बस्ती।
5. प्राचार्य, जिला एवं शिक्षा प्रशिक्षण संस्थान, बस्ती।
6. मण्डलीय सहायक शिक्षा निदेशक(बेसिक), बस्ती मण्डल बस्ती।
7. जिला-विद्यालय निरीक्षक, बस्ती।
8. जिला सूचना विज्ञान अधिकारी, बस्ती को इस अनुरोध के साथ कि जनपद की एन0आई0सी0 वेबसाइट (http://basti.nic.in) पर के0जी0बी0वि0 में रिक्त पदों पर चयन हेतु उपरोक्त विज्ञप्ति तथा आवेदन पत्र अपलोड करने का कष्ट करें।
9. समस्त खण्ड शिक्षा अधिकारी, जनपद बस्ती।

(अनूप कुमार)
जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी
बस्ती।

DCCE